राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मंत्री झाबरसिंह खर्रा

■ सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में लंबित कार्य हो रहे पूर्ण, आमजन को मिल रही सौगात : दीप्ति माहेश्वरी

राजसमन्द, (निसं)। वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबरसिंह खर्रा ने बुधवार को विधायक दीप्ति माहेश्वरी के नेतृत्व में नगर परिषद राजसमंद द्वारा नगरीय क्षेत्र में करवाए गए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर आमजन को सौगात दी। कार्यक्रम में जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट, सभापति अशोक टांक, उप सभापति चुन्नीलाल पंचोली व भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय ने बताया कि मंत्री खर्रा और विधायक माहेश्वरी ने महाराणा प्रताप जयंती के शुभ अवसर पर प्रातः सर्वप्रथम महाराणा प्रताप उद्यान में नवनिर्मित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की अश्वारूढ प्रतिमा का अनावरण किया। जिसके पश्चात तालियों से उद्यान गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने सूर्य नमस्कार करती हुई प्रतिमाओं का लोकार्पण किया जो यहाँ आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। यहां से सीधे वे नगर परिषद सभागार पहुंचे, जहां उन्होंने राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी के नवनिर्मित विधायक जनसुनवाई केन्द्र का लोकार्पण कर अवलोकन किया। इस जनसुनवाई केंद्र में आगंतुकों के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई है और यह जनसुनवाई केंद्र आमजन की समस्याओं के समाधान का माध्यम बनेगा। आभार उप सभापति चुन्नीलाल पंचोली ने ज्ञापित किया। संचालन दिनेश श्रीमाली ने किया।आयुक्त बृजेश राय ने बताया कि मंत्री झाबरसिंह खर्रा और विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने पुलिस लाइन के पीछे 43.66 करोड की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री जनआवास योजना के आवासों का लोकार्पण कर लाभार्थियों को समर्पित किया। साथ ही पात्र लाभार्थियों को पट्टों का वितरण भी किया। साथ ही उन्होंने यहीं से 33 लाख की लागत से सोमनाथ चौराहे का सौंदर्यीकरण, 12 लाख की लागत से द्वारकेश चौराहे का सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। मंत्री और विधायक ने 4 करोड 53 लाख की लागत से आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित बालकृष्ण स्टेडियम में खेल मैदान निर्माण कार्य तथा 60लाख रुपए की लागत से 100 फीट रोड पर डिवाइडर निर्माण, 30लाख की लागत से भवानी माता मंदिर पहाडी पर वृक्षारोपण कार्य का शिलान्यास भी किया।

जन आवास परिसर में आयोजित समारोह में ागरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबरसिंह खरा व विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने लाभार्थियों को पट्टा वितरण किया।

मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने जन आवास परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें आज प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, यह प्रतिमा हमेशा नई पीढी को प्रताप के आदर्शों से परिचित कराएगी और गौरवान्वित करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश में प्रत्येक परिवार के पास अपनी पक्की छत हो, जिसे साकार करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार के प्रयासों को जनता का समर्थन मिल रहा हैं। पीएम मोदी ने स्वच्छ भारत का संदेश दिया हैं, हम सभी का दायित्व है कि आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें, स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मस्तिष्क का निवास होता हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के ध्येय को साकार करने की दिशा में सभी अपनी भागीदारी अवश्य निभाएं। प्रधानमंत्री ने एक पेड मां के नाम का संदेश दिया है, हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पौधा अवश्य लगाए और उसे वृक्ष बनने तक देखभाल करें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को करारा जवाब दिया हैं।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि वर्ष 2017 में तत्कालीन मंत्री श्रीचंद कृपलानी और विधायक किरण माहेश्वरी के करकमलों से इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास हुआ था। यह बडे हर्ष का विषय है कि आज इस प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया जा रहा हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समस्त लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का भी लोकार्पण हुआ है, यह प्रतिमा आमजन को महाराणा प्रताप के शौर्य, बलिदान और वीर गाथाओं की याद दिलाएगी। सभापति अशोक टांक ने कहा कि यह क्षण नगर को गौरवान्वित करने वाला हैं। आज सभी के आने से नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है।

महाराणा प्रताप की 57 फीट ऊंची बैठक प्रतिमा का दुग्धाभिषेक

उदयपुर, (कासं)। मेवाड की वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्र भक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया पर गुरुवार को प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रीय तीर्थ में महाराणा प्रताप की 57 फीट ऊंची भव्य बैठक प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दुग्धाभिषेक किया गया, जिसमें सैकडों गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

आयोजन में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी, राज्यसभा सांसद मदन राठौड, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, ऑर्गेनाइजर पत्रिका के प्रधान संपादक प्रफुल्ल केतकर, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद सामर, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी, भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप, जैन सोशल ग्रुप सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि सम्मिलित हुए।

समारोह का संचालन करते हुए प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन प्रताप के पराक्रमऔर मातृभूमि के प्रति उनके अद्वितीय समर्पण की स्मृति को जनमानस में सजीव करने का एक प्रयास है। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्मारक समिति के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा ने स्वागत भाषण में कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन केवल 57 वर्षों का था, लेकिन उसमें जो पराक्रमऔर स्वाभिमान समाहित था, वह युगों तक प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

सार-समाचार

गिट्स एमएसएमई सेंटर का निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक में एमएसएमई बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन में एमएसएमई एक्सटेंशन सेंटर, जयपुर के सहायक निदेशक गिरीश कुमार शर्मा ने संस्थान का दौरा किया। दौरे का उद्देश्य एमएसएमई योजना के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और वित्तीय स्वीकृति प्रदान करना था। संस्थान के निदेशक डॉ. एस एम प्रसन्ना कुमार ने बतया कि एमएसएमई भारत सरकार की एक दूरदर्शी योजना है, जो नवाचार, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गिट्स को गर्व है कि उसने एमएसएमई के साथ समझौता ज्ञापन किया है, जिसके अंतर्गत संस्थान में आइडियाथॉन, प्रशिक्षण सत्र, स्टार्टअप मार्गदर्शन और अन्य कई लाभकारी कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इससे छात्रों को व्यावसायिक दुनिया के लिए तैयार किया जा रहा है। एमएसएमई बी आई सी के प्रभारी डॉ. मयंक पटेल एवं बेसिक साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. विशाल जैन ने कार्यक्रम का समन्वयन किया और विभिन्न स्टार्टअप्स की प्रगति एवं आयोजित गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर संस्थान के वित्त नियंत्रक बी.एल. जार्गीड ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, एमएसएमई के सहयोग से छात्रों को न केवल आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है, बल्कि उन्हें अपने विचारों को वास्तविक स्वरूप देने का मंच भी मिल रहा है।

हत्या के मामले में दूसरा आरोपी पकड़ा

बांसवाड़ा, (निसं)। प्रेमिका की हत्या कर षव के साथ रातभर सोने के बाद दूसरे दिन षव को दफनाने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घाटोल थानाधिकारी प्रवीण सिंह सिसोदिया ने बताया कि गत 24 मई को लालिया पुत्र कालिया निनामा ने रिपोर्ट दी थी कि उसकी पुत्री विपाषा कुछ समय से उसके प्रेमी प्रदीप निनामा निवासी गरनावट के साथ रहती थी जो तीन-चार दिन से गायब है। प्रार्थी ने विपाषा की हत्या का अंदेषा जाहिर किया था। जिस पर थानाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक हर्शवर्धन अग्रवाला को प्रथम दृश्टया मामला हत्या कर षव छिपाने की आषंका के संबंध में जानकारी दी। इस पर एएसपी डॉ. राजेष भारद्वाज के सुपरविजन एवं वृताधिकारी महेन्द्र कुमार के निकटतम पर्यवेक्षण में थाना स्तर पर थानाधिकारी प्रवीण सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। इस टीम ने आरोपी प्रदीप की तलाष के लिये जगह-जगह दबीषे देते हुए उसे गिरफ्तार किया। पुलिस कस्टडी में प्रदीप ने बताया कि उसने अपने भाई प्रवीण के साथ मिलकर शड्यंत्र रचा एवं षव को दफनाने में सहयोग किया। पुलिस ने प्रवीण को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल एवं षव दफनाने के उपयोग में लिये गये उपकरण बरामद किये है।

जुआ खेलते चार गिरफ्तार

कपासन, (निसं)। पुलिस ने कस्बे के सब्जी मंडी के पास स्थित पार्किंग में ताश के पत्तों पर जुआ खेलते चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4700 जप्त किए हैं। जानकारी के अनुसार मुगबीर की सूचना पर सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल ने जगने के साथ सब्जी मंडी के पास स्थित पार्किंग पर छापा मारा जहां चार व्यक्ति ताश के पत्तों पर जुआ खेलते मिले। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम गणपत लाल पिता खुमान माली निवासी आदर्श कॉलोनी कपासन नारायण लाल पिता जमनालाल माली निवासी तालाब की पाल कपासन सादिक हुसैन पिता अब्दुल अंसारी निवासी मोमिन मोहल्ला कपासन कालूराम पिता वेणी राम रेगर निवासी पुराना हॉस्पिटल के पास कपासन होना बताया।

शेष रही राशि की गिनती हुई

मंडफिया, (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 26 मई को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती गुरूवार को तीसरे चरण में हुई। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि गुरुवार को हुई भंडार गिनती में 04 करोड़ 70 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए।

हॉकी में कनबा, कबड्डी में पारडा दरियाटी बनी चैंपियन

स्थानीय लक्ष्मण मैदान पर चल रही प्रतियोगिता के तहत विजेता हॉकी व कब्बडी टीम के साथ उपस्थित कोच-फोटो सुधी जैन

डूंगरपुर, (निसं)। आदिवासी खेल संघ डूंगरपुर के तत्वाधान में लक्ष्मण मैदान पर चल रही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में चल रहे हैं मुकाबलो में हॉकी मैं फोर्स क्लब कनबा पुरुष एवं महिला वर्ग में बनी चैंपियन पहले फाइनल मुकाबला महिला वर्ग में फोर्स क्लब कनबा और ओडा बडा के बीच खेला गया जिसमें फोर्स क्लब ने ओडा बडा को1.0 से हराया पुरुष वर्ग में फोर्स क्लब कनबा व झोथरी के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित समय पर एक.एक बराबर रहने पर पेनल्टी शूटआउट दिया गया जिसमें फिर से बराबर रहने पर सडन डेड में 7-6 से हराया।

जिसमें विशेष आमंत्रित सदस्य सैयद साबिर अली जिला अध्यक्ष हॉकी संघ देवीलाल डामोर सचिव हॉकी संघ राजेंद्र तावड जसवंत रोत अविनाश रोत रामलाल रोत मरताराम सोमलाल फौजी केशव रमात आदि मौजूद थे। देर रात कबड्डी का सेमीफाइनल मुकाबलो मैं धामोद को पारडा दरियाती व गलियाकोट ने जोरावरपुरा को हराया। फाइनल मुकाबला पारडा दरियाती व गलियाकोट के बीच में खेला गया, जिसमें निर्धारित समय में दोनों टीमों के अंक बराबर होने पर अतिरिक्त पांच रेड रेड में जाकर फैसला हुआ। जिसमें पारडा दरियाती विजेता रही महिला वर्ग में धामोद विजेता एवं डोल कुंजीला उपविजेता रहीजिसमें विशेष योगदान अरविंद खडा जितेंद्र डामोर बाबूलाल भराडा, चंदन तबीयाड कमलेश भमात मनोज डामोर का रहा साथ ही फुटबॉल के मुकाबलो की शुरुआत हुई जिसमें पाल लंबरवाडा सिटी क्लब, आदर्श ने अगले दौर में प्रवेश किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य मोहम्मद रफीक राहुल परमार दिलीप परमार सचिन कटरा गणपत डामोर राजेश रोत रामलाल कटारा आदि मौजूद रहे। टीमों एवं निर्णयकों का आभार आदिवासी खेल संघ जिलाध्यक्ष विकेश मौलात ने जताया।

छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के गोकुलपुरा गांव में एक नाबालिग युवती ने अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका सुहानी दसवीं कक्षा की छात्रा थी। बुधवार को आए परिणाम में वह प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण भी हुई थी,लेकिन उम्मीद से कम नंबर आने से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस अवसर पर कोतवाली थाने के एएसआई ने बताया कि गोकुलपुरा निवासी प्रेमशंकर कटारा ने रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार सुबह वह उसकी पत्नी, मां व बहन रवीना खेत पर थे। वहीं, उसकी दूसरी बहन सुहानी घर पर अकेली थी। इस दौरान जब रवीना खेतों से बकरियां लेकर घर पहुंची तो देखा की उसकी बहन सुहानी घर की पडसाल में दुपट्टे से फंदे पर लटकी हुई थी। रवीना के चिल्लाने की आवाज सुनकर सभी दौडकर घर आए और सुहानी को फंदे से नीचे उतारकर डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। परिजनों ने बताया की सुहानी 10 वीं कक्षा की छात्रा थी। बुधवार ही उसका रिजल्ट आया था, जिसमें वह प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण भी हुई थी, लेकिन कम नंबर आने से वह परेशान थी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

महाराणा प्रताप का जीवन आज भी प्रासंगिक : डॉ. कर्नाटक

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 वीं जन्म जयन्ति पर राजस्थान कृषि महाविद्यालय के प्रांगण मे स्थित महाराणा प्रताप की अश्वारूढ प्रतिमा के समक्ष विवि के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक के नेतृत्व मे विवि के वरिष्ठ अधिकारी गण, छात्र कल्याण अधिकारी, महाविद्यालयों के अधिष्ठाता सहित अनेक प्राध्यापक, शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघटन के अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, कर्मचारी व विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप की तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

उदयपुर में महाराणा प्रताप की जयन्ती पर डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने संबोधित किया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम एनसीसी, स्काउट के स्वयंसेवक ने अतिथी को प्रताप की प्रतिमा तक स्कोर्ट किया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक एवं विशिष्ठ अतिथि हरिदश्र शर्मा इतिहासविद शिक्षा विभाग का डॉ. मनोज महला, छात्र कल्याण अधिकारी ने उपरणा ओढा, पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. मनोज महला, छात्र कल्याण अधिकारी ने आए सभी अतिथियों का स्वागत किया।। डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज भी प्रासंगिक है, महाराणा प्रताप ने संघर्ष से भरे एक आदर्श जीवन को जीते हुऐ हमारे आज के जीवन की अनेक अनसुलझी पहेलियों व समस्याओं को सुलझाने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने महाराणा प्रताप को एक कुशल शासक एवं कुशल योद्धा बताया । विशिष्ठ अतिथि हरिदश्र शर्मा इतिहासविद शिक्षा विभाग ने कहा कि महाराणा प्रताप का स्वाधीनता के लिये संघर्ष, वीरता, युद्धनीति, कूटनीति, नैतिकता व अनुशासन पूर्ण जीवन शैली हम सभी के लिये सदैव प्रेरणास्पद है । इसके पश्चात् सिसोदिया वंश के डॉ. एस. एस. सिसोदिया, विभागाध्यक्ष, प्रसार शिक्षा एवं प्रताप शोधपीठ के सदस्य ने महाराणा प्रताप एवं मेवाड के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर के संघटक महाविद्यालयों के छात्रों ने भी अपने विचार कविता एवं उनकी प्रेरणादायक जीवन कथानक द्वारा प्रस्तुत किये। समारोह में विवि के अधिकारीगण, निदेशक, प्रसार शिक्षा डॉ. आर. एल. सोनी, छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. मनोज महला, अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविन्द वर्मा, सीटीऐई के अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ. सुनील जोशी सीओएफ महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ.आर.ए. कौशिक एवं सामुदायिक विज्ञान एवं व्यवहार महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ.धृति सोलंकी, उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के. डी. आमेटा सहित अनेक प्राध्यापक, शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघटन, कार्यकारिणी सदस्य, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे। पूर्व क्रीडा मण्डल सचिव सोम शेखर व्यास ने धन्यवाद, संचालन श्रेया भट्ट ने किया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F.6 ( )ACQ/Gen/2025/226 **आम सूचना** दिनांक :- 27/05/2025

प्राधिकरण की साउथ एक्सटेंशन स्कीम सेक्टर "डी" मे आने वाली राजस्व ग्राम तितरडी 2705 से 2708, 3241 / 2750 की भूमि अवाप्त कर प्रभावित खातेदारो को भूमि के बदले 20 प्रतिशत आवासीय व 5 प्रतिशत व्यवसायिक भूखण्ड आवंटित किये गये है, उक्त योजना के प्रभावित खातेदारो द्वारा आवंटन करने हेतु आवेदन निवेदन किया गया है:-

क्र. सं.	राजस्व ग्राम / खसरा नम्बर	भूखण्ड स. आवासीय / व्यवसायिक	क्षैत्रफल (वर्गफिट में)	सेक्टर	आवेदनकर्ता	खातेदार का नाम
1.	तितरडी 2705, 2706, 2707, 2708, 3241 / 2750	167	450	D	श्रीमती प्रमीला पत्नी श्री धनराज संचेती	श्रीमती प्रमीला पत्नी श्री धनराज संचेती जरिये मुख्तियार आम हरिशचन्द्र, चन्द्रनलाल जैन
		S-294	110	D		

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्डो का आवंटन पत्र जारी करने के संबंध मे किसी व्यक्ति / संस्था / फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अन्दर इस कार्यालय मे स्वंय उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता एंव संबंधित शाखा प्रभारी को भी सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मयाद नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल मे लाई जावेगी।

(बिन्दु बाला राजावत) भूमि अवाप्ति अधिकारी, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

महाराणा प्रताप जयंती मनाई

बांसवाड़ा, (निसं)। भाजपा युवा मोर्चा मंडल पालोदा की ओर से महाराणा प्रताप जयंती पर महाराणा प्रताप सर्कल स्थित प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया।युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुंवर दिग्पाल सिंह चौहान ने महाराणा प्रताप के शौर्य, पराक्रम, त्याग एवं बलिदान की गाथाओं पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राम सिंह भीमगढ शारीरिक शिक्षक, जैकी टेलर, दीपक उपाध्याय, रविपाल सिंह, पंकज त्रिवेदी, भरत गायरी, नरेन्द्र डिन्डोर आदि मौजूद सम्मिलित हुए। लसाड़ा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वी जयंती दिलवर सिंह ठीकरिया की अध्यक्षता में मनाई गयी। प्रताप जयंती पर युवाओं ने अतिथियों का हल्दीघाटी से लाई मिट्टी से तिलक लगाकर स्वागत किया। जिस पर सबने गौरव का अनुभव किया वहीं वीर प्रतापी महाराणा प्रताप को याद करते हुए उनके संघर्ष को जीवन में कभी नहीं भूलने का प्रण लिया। वक्ताओं ने बताया कि प्रताप जैसा प्रतापी महाराणा भारत की धरती पर ना तो हुआ है और ना ही कभी होगा। हल्दीघाटी की मिट्टी का तिलक लगाकर सभी ने कहा कि आज भी इस मिट्टी से महाराणा प्रताप के शौर्य, वीरता एवं स्वाभिमान की खुशबू आती है। इस अवसर पर पृथ्वीपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जय सिंह मेतवाला, अमर सिंह कोटड़ा छोटा, चन्द्रगुप्त सिंह, यशवंत सिंह, जयराज सिंह ठीकरिया, राजवर्धन सिंह, नंदकिशोर, नरेंद्र, गौतम पाटीदार, गोविंद पाटीदार, गटु भाई, रमेश हेमारी, कमलेश नाई, निखिल रावल आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान जिंक ने बालिकाओं को किया जागरूक

हिन्दुस्तान जिंक द्वारा बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

उदयपुर, (कासं)। मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर, हिन्दुस्तान जिंक द्वारा अपनी परिचालन इकाईयों के आस पास के क्षेत्र में यह दिन मनाकर बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कंपनी ने बालिकाओं को मासिक धर्म के बारे में शिक्षित करने और जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न राजकीय विद्यालयों में व्यापक अभियान और जागरूकता सत्र आयोजित किए।

हिन्दुस्तान जिंक के स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के तहत ममता मेन्सट्रूअल हाइनजीन मैनेजमेंट के सहयोग से उदयपुर के जावर, राजसमंद के दरीबा, चित्तौडगढ के चंदेरिया औरभीलवाडा के आगुचा में शिक्षा संबल के अतंर्गत 8 राजकीय विद्यालयों में 582 बालक एवं बालिकाओं को सत्रों के माध्यम से जागरूक किया। इस वर्ष की थीम टूगेदर फॉर ए पीरियड फ्रेण्डली वर्ल्ड के अनुरूप किशोरियों के बीच जागरूकता और स्वस्थ प्रथाओं को बढावा देने के लिए आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की गई। सत्र में प्रतिभागियों के मौजूदा ज्ञान का आकलन करने के लिए एक पूर्व-परीक्षण हुआ। महिला डॉक्टर ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन एप्रन का उपयोग कर जागरूकता सत्र आयोजित किया, जिसमें मासिक धर्म की जैविक प्रक्रिया, मासिक धर्म चक्र और आवश्यक स्वच्छता प्रथाओं के बारे में बताया गया। आम धारणाओं और गलत सोच को दूर करने के लिए, एक त्वरित मिथक-विरोधी सत्र आयोजित किया गया और बालिकाओं को सत्र में अधिक शामिल करने के लिए कार्ड टूल का उपयोग किया गया। विशेष रूप से डिजाइन किए गए एमएचएम थीम वाले सांप और सीढी मैट का उपयोग कर रूचिकर और इंटरैक्टिव फ्लोर गेम के माध्यम से स्वच्छता संदेशों को आकर्षक तरीके से व्यक्त किया। सत्र में एनीमिया के लक्षण और रोकथाम को भी शामिल किया गया, जिसमें थकान और पीली त्वचा जैसे लक्षणों की पहचान करने के लिए मार्गदर्शन, एनीमिया चार्ट और आहार युक्तियों द्वारा समर्थित है। इसके अतिरिक्त, मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में सूचित विकल्प बनाने में मदद करने के लिए सैनिटरी पैड, मासिक धर्म कप और डिस्पोजेबल पीरियड पैंटी सहित एमएचएम के विभिन्न सुरक्षित तरीके प्रदर्शित किए।

छह गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। जिला पुलिस की स्पेशल टीम, जिला रसद विभाग व खेरोदा थाना पुलिस मय टीम ने एलपीजी गैस कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एलपीजी गैस कारोबारी करते छह आरोपी गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चार गैस टैंकर व गैस टंकिया तथा गैस भरने का सामान जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान जिला पुलिस की स्पेशल टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू मय टीम को चित्तौडगढ नेशनल हाईवे पर गांव डांगीखेडा में स्थित पंडित रेस्टोरेंट के पीछे गैस टेंकरों से व्यावसायिक सिलेण्डरों में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने की सूचना मिली। जिस पर श्यामसिंह, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में खेरोदा थानाधिकारी सुरेश विश्नोई मय टीम मौके पर पहुंचे। जहां गैस टैंकरों से गैस रिफिलिंग करने वाले आरोपी राकेशनाथ पुत्र बहादुर नाथ निवासी भावताखेड़ी भदेसर चित्तौड़गढ, किशनाराम विश्नोई निवासी पीलवा लोहावट फलौदी, मनोज सुथार निवासी अमरपुरा खैरोदा, त्रिलोकसिंह निवासी काबरा ब्यावर, बाबूलाल पनिवासी ओघन्दा हिण्डोली बूंदी, जितेन्द्रसिंह राजपूत निवासी इद्रश्वरी जिला भिण्ड एमपी को गिरफ्तार कर चार गैस से भरे टैंकर, रिफलिंग के काम आने वाले उपकरण, 63 गैस सिलेंडर, पांच नैजर सॉकेट, पाईप, गैस तोलने का कांटा आदि रसद अधिकारी मनीष भटनागर, एचपीसीएल विक्रय अधिकारी दीपक आचार्य को कालाबाजरी की सूयना उपकी मौजूदगी में माल जब्त किया।

न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED

(भारत सरकार का उद्यम) (A Government of India Enterprise)

रावतभाटा राजस्थान साइट Rawatbhata Rajasthan Site

अभिरुचि की अभिव्यक्ति

Expression of Interest

रावतभाटा राजस्थान साइट, न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड अपने एनपीसीआईएल, भारी पानी सयंत्र (को) परमाणु उर्जा केन्द्रीय विद्यालय, के.औ.सु.ब, नाभिकीय ईंधन, सम्मिश्र, बी.आर.आई.टी. इत्यादि के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों (लगभग 16000 लाभार्थियों) को सर्वोत्तम चिकित्सालय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। NPCIL Rawatbhata Rajasthan Site is committed to cater best health services to its employees & their family dependents (16000 approx.) CHSS beneficiaries of NPCIL, HWP, AECS, CISF, NFC, BRIT etc.

आरएपीएस चिकित्सालय के सीएचएसएस लाभार्थीयो को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कोटा क्षेत्र के विज़िटिंग कंसल्टेंट से निस्चेतना विशेषज्ञ चिकित्सक से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। न्यूनतम अर्हता अनुभव निम्नानुसार है। To provide best medical services to its CHSS beneficiaries RAPS, NPCIL Hospital invites application from interested medical professionals for anaesthesiologist against expression of interest for visiting consultants. Minimum qualification is as under.

क्रम. स.	विशेषज्ञ Visiting Consultant	न्यूनतम योग्यता Minimum Qualification
1	निस्चेतना विशेषज्ञ anaesthesiologist	स्त्रातकोतर/डीएनबी/डिप्लोमा Post Graduate / DNB/DA

पार्टियां/व्यक्ति, जो एनपीसीआईएल, रापविध चिकित्सालय में 1 वर्ष की अवधि के लिए अपनी सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए इच्छुक है वे इस ईओआई के जारी होने के 15 दिनों के भीतर मा.सं. अनुभाग, रापबिघ चिकित्सालय रावतभाटा से किसी भी कार्य दिवस पर 11:00 बजे से 17:00 बजे के दौरान व्यक्तिगत रूप से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है अथवा इसे डाउनलोड भी किया जा सकता है । वेबसाइट http://npcil.nic.in/main/expression_of_interest.aspx Parties/person who are willing to extend their services to RAPS, NPCIL Hospital, for a period of 1 years may obtain the application form from RAPS Hospital HR Section, within 15 days from the date of issue of EOI. On any working day from 11:00 hrs. to 17:00 hrs. You can collect the application form in person during the visit or can be downloaded from website http://npcil.nic.in/main/expression_of_interest.aspx

विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र सील बंद लिफाफे में उप प्रबंधक (मा.सं.) कार्यालय, आरएपीएस चिकित्सालय, डाक-भाभानगर, वाया कोटा, राजस्थान पिन-323307 में, अभिरुचि की अभिव्यक्ति के प्रकाशन के 30 दिनों के अन्तर्गत किसी भी कार्यदिवस में सांय 17:00 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुँच जाने चाहिए। चिकित्सालय एम्पेनेल्मेंट कमेटी को किसी एक अथवा समस्त ईओआई को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने के समस्त अधिकार प्राप्त है। | Duly filled in Application form should be sent in a sealed envelope to Deputy Manager(HR) Office, RAPS Hospital, Post-Bhabhanagar, Via Kota, Rajasthan Pin-323307 & must reach within 30 days from publication of this notice on any working day up to 1700 hr